प्रति,

माननीय दीपक बैज जी,
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ कॉग्रेस कमेटी रायपुर

विषय :– वर्तमान जिलाध्यक्ष एवं बलरामपुर ब्लॉक कॉग्रेस कमेटी अध्यक्ष के द्वारा व्यवहार एवं कार्यकारिणी से क्षुब्ध होकर मंडल अध्यक्ष पद से त्याग पत्र देने बावत्।

महोदय,

मैं देवांगन सरकार , मंडल अध्यक्ष, कॉग्रेस कमेटी बरदर के पद पर आसीन हूँ एवं आपसे निम्न निवेदन करता हूँ :–

1. यह कि प्रदेश में भाजपा का सरकार बनने से बलरामपुर ब्लॉक में कॉग्रेस के समर्पित कार्यकर्ताओं को बेवजह भाजपा के लोगों के द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। जिस क्रम में बरदर मंडल अध्यक्ष होने के कारण मुझे भी टारगेट में लेकर प्रताड़ित किया जा रहा है। जिसके कारण मैं विगत् तीन–चार माह से में उक्त प्रकरण से उबरने के लिए दौड़–धूप में परेशान था। जिसकी सूचना मेरे द्वारा जिलाध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष को भी दी गई है। लेकिन इनके द्वारा कॉग्रेस के समर्पित कार्यकर्ताओं को कोई मदद न कर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल एवं पार्टी से निष्कासित लोगो को प्रथम पंक्ति में स्थान देकर पार्टी के वरिष्ठ एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को खुलेआम अपमानित किया जा रहा है। यहाँ तक कि विधान सभा चुनाव में कॉग्रेस का विरोध एवं भाजपा का काम करने वाले व्यक्ति को बलरामपुर का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिससे हम पार्टी के समर्पित कार्यकर्तागण दुखी एवं क्षुब्ध हैं, और आप से आग्रह करते है कि बलरामपुर जिला कार्यकारिणी और ब्लॉक बलरामपुर के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी में शामिल प्रत्येक व्यक्ति के पार्टी के प्रति कार्य की गोपनीय जॉच करायी जाये।

अतः श्रीमान् जी से विनम्र निवेदन है कि मेरा मण्डल अध्यक्ष (बरदर मण्डल) के पद से त्याग पत्र स्वीकार करें, मैं बिना पद के ही पार्टी के अनुशासित सिपाही के रूप में कार्य करूंगा।

स्थानः– बरदर
दिनांकः– 05.03.2026

भवदीय
देवांगन सरकार
मण्डल अध्यक्ष बरदर
जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)

Scanned with OKEN Scanner

प्रति,

माननीय

श्री दीपक बैज जी

प्रदेश अध्यक्ष

प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ (रायपुर)

विषय :- कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष डभरा के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने बावत।

महोदय,

निवेदन है कि मैं लगातार समय से अस्वस्थ होने के कारण सक्रिय रूप से पार्टी का कार्य नहीं कर पा रहा हूँ कार्यक्रम में भी शामिल नहीं हो पा रहा हूँ इस कारण मैं अजय नारायण गुप्ता पिता श्री राम नारायण गुप्ता कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहा हूँ लम्बे समय तक डॉक्टर बेड रेस्ट बोले है

श्री माननीय महोदय जी से निवेदन है कि मेरा कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष पद का इस्तीफा स्वीकार करें।

[signature]

अध्यक्ष

कांग्रेस मण्डल- डभरा

जिला - बलरामपुर

छ.ग.

दिनांक

05-03-2026

प्रति, माननीय दीपक बैज जी,
अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी रायपुर

विषय:- मण्डल अध्यक्ष महाराजगंज
- राजपुर के पद से त्यागपत्र
देने बाबत्।

महोदय, विषयान्तर्गत लेख है कि समरबहादुर सिंह
महाराजगंज मण्डल अध्यक्ष पद पर
वर्तमान में हूँ, लेकिन वर्तमान जिला अध्यक्ष जी के द्वारा
जिला मुख्यालय में विधान सभा चुनाव लोकसभा चुनाव
में B.J.P. का काम करने वाला संगठन विरोधी
निष्कासित व्यक्ति को बैठना पार्टी व समर्पित
कार्यकर्ताओं के साथ छल कपट व धोखा है विधानसभा
प्रत्याशी रहे आदरणीय डाक्टर अजय कुमार सिंह जी
भी से पूछ कर सकते हैं। अपने स्वास्थ्यगत कारणों
से 10 वर्षों से भी अधिक समय से राजनीति से दूर
रहने वाले जिला अध्यक्ष जी को जिला अध्यक्ष बनाया
गया और उम्रदराज होने के कारण जिले की
भौगोलिक व राजनीतिक स्थिति से वाकिफ नहीं रहने
के कारण आगामी चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा
चुनाव में भी भगवान नहीं होना प्रतीत होता है
बलरामपुर ब्लाक अध्यक्ष की नियुक्ति से हम
सभी पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता बहुत दुखी
हैं तथा अपने मण्डल अध्यक्ष पद महाराजगंज
ब्लाक बलरामपुर से इस्तीफा दे रहा हूँ।
अतः श्रीमान जी को सादर सूचनार्थ।

भवदीय
समरबहादुर सिंह
मण्डल
अध्यक्ष
महाराजगंज, ब्लाक बलरामपुर
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज
छत्तीसगढ़।
(हस्ताक्षर)

प्रति,

माननीय श्री दिपक बैज जी
प्रदेश अध्यक्ष
प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ (रायपुर)

विषय:- संगठन के पद से इस्तीफा देने बाबत

महोदय,

विनम्र निवेदन है कि वर्तमान जिला अध्यक्ष के द्वारा अपने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये मुझे मण्डल अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है परन्तु नियुक्त हुये कार्यकारिणी को देखते हुये यह प्रतीत हो रहा है कि कांग्रेस के अग्रिम कार्यकर्ताओं को किनारे करते हुये पार्टी विरोधी कार्य करने वाले लोगों को संगठन में नियुक्त किया है। जो गलत है। इसी तरह संगठन चलता रहा तो पार्टी को नुकसान होगा जो आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

अतः मैं इस निर्णय से काफी व्यथित हूँ। अपने वर्तमान दायित्व (मंडल अध्यक्ष इलमीदी) जिला कांग्रेस कमेटी बलरामपुर के पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे रहा हूँ तथा कांग्रेस पार्टी के अनुशासित कार्यकर्ता के रूप में काम करते रहूँगा।

(हस्ताक्षर)
आपका
आनन्द यादव मण्डल
अध्यक्ष इलमीदी
बलरामपुर

दिनांक:
5/3/2026

दिनांक - 05/03/2026

प्रति,

ब्लॉक अध्यक्ष / जिला अध्यक्ष
कांग्रेस कमेटी - बलरामपुर
जिला - बलरामपुर छ०ग०।

विषय - कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष - तातापानी से अपने पद से इस्तीफा देने बाबत,

मान्यवर,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि मैं असीम अंसारी s/o इस्माईल अंसारी ब्लॉक बलरामपुर के कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष - तातापानी के पद पर हूं। पारिवारिक एवं स्वास्थ्य संबंधी के कारण मैं असीम अंसारी अपने मण्डल अध्यक्ष पद - तातापानी के पद से इस्तीफा देता हूं। मैं जीवन भर कांग्रेस के लिए आभारी रहूंगा।

[signature]
अध्यक्ष
[illegible]
कांग्रेस मण्डल - तातापानी
जिला - बलरामपुर

Scanned with OKEN Scanner

प्रति
(1) माननीय दीपक बैज जी
छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी रायपुर (छ.ग.)

(2) श्रीमान जिला अध्यक्ष जी
कांग्रेस कमेटी बलरामपुर-रा.ग. (छ.ग.)

विषय:- मण्डल अध्यक्ष पद से त्याग-पत्र देने बाबत्

महोदय,

विनम्र निवेदन है कि मैं फुलमती नाग पस्ता मण्डल का अध्यक्ष हूँ मै अपने पद मे रहकर वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान मे अपने मण्डल से लगभग 1200 (बारह सौ) कांग्रेस जनो का हस्ताक्षर कराने का कार्य की तथा पार्टी के लिए तत्पर रहती हूँ, विगत पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष के दौरान पार्टी बड़ी तेजी से काम कर रही थी परन्तु वर्तमान जिला अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी विरोधी गतिविधि मे लिप्त लोगो को आगे रखना तथा निष्ठावान कार्यकर्ता को उपेक्षित करना यह समझ से परे है मुझे भी उम्मीद है कि जो लोग पिछले चुनाव मे पार्टी को हराने का काम किये है, वे लोग पुनः पार्टी को फिर नुकसान कर सकते है जिसका हिस्सा मैं नही बनना चाहती हूँ जिसके कारण मैं पस्ता मण्डल अध्यक्ष कांग्रेस से त्याग पत्र देती हूँ मैं सामान्य कार्यकर्ता के रूप में कार्य करती रहूँगी।

दिनांक:- 05/03/2026

धन्यवाद

Fulmati

आपका

फूलमती नाग

Scanned with OKEN Scanner

प्रति,

श्री हरिहर प्रसाद यादव जी
अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बलरामपुर छ.ग.

विषयः– जिला कार्यकारणी महामंत्री पद से त्याग पत्र देने बावत्।

महोदय,

उपरोक्तानुसार लेख है कि मैं संजीव कुमार गुप्ता ग्राम अधौरा बलरामपुर का मूल निवासी हूं। मैं वर्ष 1992 से कांग्रेस पार्टी मे सकिय कार्यकर्ता के रूप में पार्टी हित में समर्पित भाव से कार्य करते हुये युथ कांग्रेस, ब्लांक कांग्रेस कमेंटी बलरामपुर एवं जिला कांग्रेस कमेटी बलरामपुर में जिला कोषाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष पद पर आसीन रहा हूँ।
वर्तमान जिला कांग्रेस कमेटी में मुझे महामंत्री सरल कमांक 26 में रखा गया है। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष जी की कार्यकारणी गठन में वरिष्ठ एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं का उपेक्षा किया गया है। तथा जो कांग्रेस के प्रारंभिक सदस्य भी नही है। एवं पार्टी विरोधी गतिविध में लिप्ट व्यक्यिों को निष्ठावान एवं वरिष्टजनों से उपर रखा गया है। जिसके कारण मैं काफी आहत महसुस कर रहा हूं। जिससे मैं जिला महामंत्री पद से त्यागपत्र देता हूं। यह त्यागपत्र आज से ही माना जावे। मैं पार्टी के प्रति कार्यकर्ता बनकर पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करते रहूंगा।

धन्यवाद

दिनांक 06.03.2026

आपका

संजीव कुमार गुप्ता
बलरामपुर

प्रतिलिपि

1– माननीय अध्यक्ष महोदय प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजीव भवन रायपुर छ.ग. को आवश्यक सूचनार्थ

Scanned with OKEN Scanner

श्री दीपक बैज जी
अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी (छत्तीसगढ़ रायपुर)

विषय- त्याग पत्र बाबत

महोदय,

निवेदन है कि वर्तमान में मुझे जिला कांग्रेस
कमेटी बलरामपुर में सचिव के पद पर नियुक्त
किया गया है परन्तु बलरामपुर ब्लाक अध्यक्ष
के पद पर लगभग 45 वर्ष से एक ही परिवार के
काबीज रहने कारण इस परिवार का व्यवहार पार्टी के
कार्यकर्ताओ के प्रति बहुत ही अपमानजनक होता है जिससे
क्षेत्र के जनता काफी दुखी और आहत महसुस करती है
एवं वर्तमान ब्लाक अध्यक्ष का विरोध करते हुए उन्हे तत्काल
पद से हटाकर विरासत की परम्परा को तोड़ने की मांग
करती है इसके साथ ही वर्तमान जिला अध्यक्ष के द्वारा
जिला कार्यकारणी मे अधिकतम पार्टी विरोधी कार्य करते
वाले तथा पार्टी से निष्काषित एवं अपराधीक छवी
के लोगो को प्रमुख स्थान देते हुए पार्टी के समर्पित और
वरिष्ठ कार्यकर्ताओ का अपमान किया गया है जिससे क्षेत्र
की जनता: कार्यकर्ता एवं स्वयं मैं आहत महसुस कर
रहा हुँ बार-बार मना करने के बाद भी जिला कांग्रेस कार्यकारिणी
मे ~~सिफ~~ एक ही परिवार के तीन-तीन लोगो को प्रमुख स्थान देकर
उसी परिवार के एक सदस्य को बलरामपुर ब्लाक का ब्लाक अध्यक्ष
बनाकर यह जानते हुए की क्षेत्र की जनता इन्हे किसी भी सुरत
में स्वीकार करने में सहमत नही है जनता के भावनाओं के साथ
खिलवाड़ किया गया है जिससे दुखी होकर मै जिला कांग्रेस
सचिव पद से त्याग पत्र देता हुँ मै बिना पद के पार्टी के
सच्चे सिपाही के रुप में कार्य करुंगा।

(हस्ताक्षर)

भवदीय

दिनांक:- 05/6/2026

गौर विश्वास
जिला सचिव
बलरामपुर

Scanned with OKEN Scanner

प्रति,

श्री दीपक बैज जी
अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़
(रायपुर)

विषय :- त्याग पत्र बाबत्

महोदय,

निवेदन है कि वर्तमान में मुझको जिला कांग्रेस कमेटी बलरामपुर में सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है परन्तु वर्तमान जिला अध्यक्ष एवं परिवारवाद से अपने ब्लाक अध्यक्ष के कार्यों से मैं संतुष्ट नहीं हूँ। जिला एवं ब्लाक में पार्टी विरोधी कार्यों में लिप्त एवं विधानसभा लोकसभा स्थानीय निकाय के चुनाव में पार्टी के विरोध में कार्य करनेवाले कार्यकर्ताओं को मुख्य पदों की जवाबदारी दी गई है तथा पार्टी के समर्पित ईमानदार कार्यकर्ताओं को किनारे किया जा रहा है तथा आये बगाहे अपमानित किया जा रहा है जिससे सभी समर्पित कार्यकर्ता दुखी हैं। एवं पार्टी में रहकर ईमानदारी पूर्वक कार्य करना संभव नहीं प्रतीत हो रहा है।

अतः आज दिनांक से मैं अपने वर्तमान पद जिला सचिव पद से इस्तीफा दे रहा हूँ। जिसे स्वीकार करने की कृपा करें।

धन्यवाद

दिनांक - 05/03/2026

(हस्ताक्षर)
भवदीय

प्रदीप खेस
सारंगपुर
बलरामपुर

Scanned with OKEN Scanner

प्रति

माननीय श्री दीपक बैज जी
प्रदेश अध्यक्ष
प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ (रायपुर)

विषय :- संगठन के पद से इस्तीफा देने बावत ।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि वर्तमान जिला अध्यक्ष के द्वारा अपने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये मुझे जिला सचिव का दायित्व सौंपा गया है परन्तु इनके पुरे कार्यकारिणी पर गौर करने से प्रतीत होता है कि कांग्रेस के जमीनी एवं ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को किनारे लगा कर जो लोग पार्टी विरोधी कार्यों में संलीप्त है तथा विधान सभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के विरोध में काम किये उन्हे ही संगठन के महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया गया है इस बात की पुष्टि पार्टी के प्रत्याशी से भी जा सकती हो ~~पार्टी में~~ संगठन में पहले जो लोग बड़े दायित्व पर थे उन्हे अभी जिम्मेदारी का कोई कार्य न देकर जो लोग आजतक ब्लाक या अन्य ~~स्थ~~ स्थानो पर भी किसी दायित्व का निर्वहन नही किये उन्हे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी दी गई ।

अतः मैं इस ~~क~~ कृत्य से काफी आहत हूँ तथा अपने वर्तमान दायित्व सचिव (जिला कांग्रेस) के पद से तत्काल प्रभाव से इस्तिफा दे रहा हूँ तथा आगे पार्टी के अनुशासित कार्यकर्ता के रूप में कार्य करता रहूँगा ।

धन्यवाद

आपका
[signature]
मनोज दुबे सचिव जिला बलरामपुर
रामानुजगंज

दिनांक 05/03/26